झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

25 Feb 2025

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam

Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com

Daily Current Affairs Booster

Contact : 8084818282, 9113365645

# Daily Current Affairs

Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 25 फरवरी से संबंधित करेंट अफेयर्स

- ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को मानकीकृत करने के लिए सरकार द्वारा डिजिटल ब्रांड पहचान मैनुअल लॉन्च किया गया हैं। इससे सरकारी वेबसाइटों और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकरूपता आएगी। मैनुअल को इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लॉन्च किया। इसे सरकार की डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सामंजस्यपूर्ण दृश्य पहचान स्थापित करने की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया हैं। इसका उद्देश्य सरल नागरिक इंटरैक्शन की सुविधा देकर डिजिटल सामंजस्य सुनिश्चित करना है।
- अपशिष्ट पुनर्चक्रण ओर जलवायु परिवर्तन 2025 पर एक दिवसीय सम्मेलन का उद्धघाटन केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र पटेल ने किया। भारत में प्रतिवर्ष लगभग 62 मिलियन टन कचरा उत्पन्न होता है, जिसमें प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक और खतरनाक कचरे की मात्रा तेजी से बढ़ रही हैं। मंत्री ने कहा कि लैंडफिल पर बढ़ते दबाव, प्राकृतिक संसाधनों की कमी और अनियंत्रित कचरा सिस्टम से पर्यावरण को होने वाले नुकसान को देखते हुए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। मंत्री महोदय ने कहा कि वर्ष 2050 तक भारत की चक्रीय अर्थव्यवस्था का बाजार मूल्य 2 ट्रिलियन डॉलर होने ओर 10 मिलियन नौकरियां सृजित करने की उम्मीद है।
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार महाकुंभ में नदी के पानी में फेकल कोलीफॉर्म का उच्च स्तर पाया गया। सीपीसीबी के अनुसार नदी के पानी की गुणवत्ता स्नान गुणवत्ता मानको के अनुरूप नही है। महाकुंभ में स्नान करने वाले लोगों की भारी संख्या के कारण मल की मात्रा में वृद्धि हुई। फेकल कोलीफॉर्म पानी में सीवेज संदूषण का एक मार्कर हैं। सीपीसीबी मानकों द्वारा प्रति 100 मिलीलीटर पानी में मल कोलीफॉर्म की 2500 इकाइयों की अनुमेय सीमा निर्धारित की गई है।
- केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने मौसम भवन में भारत के पहले ओपन एयर आर्ट वॉल म्यूजियम का उद्धघाटन किया। भारत का पहला ओपन एयर आर्ट वॉल म्यूजियम भारत मौसम विज्ञान विभाग की 150 साल की उपलब्धि यात्रा को दर्शाता है। मौसम भवन की विशेष कला प्रदर्शनी में भारत के मौसम संबंधी इतिहास, मौसम संबंधी पूर्वानुमान के विकास ओर कृषि आपदा प्रबंधन एवं रोजमर्रा की जिंदगी पर इसके प्रभाव को दर्शाने वाले 38 अनूठे भिति चित्र शामिल हैं।
- भारत के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद और नेपाल विज्ञान और प्रौद्योगिकी अकादमी ने भारत और नेपाल के बीच वैज्ञानिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने कहा कि पहला ओलंपिक ईस्पोर्ट्स गेम्स दो साल बाद सऊदी अरब के रियाद में आयोजित किया जाएगा, जो पिछले साल देश के साथ किए गए 12 साल के समझौते का हिस्सा हैं। आईओसी कई वर्षो से ईस्पोर्ट्स पर विचार कर रही है और गेमिंग में शामिल युवा पीढ़ी के लिए अवसरों का पता लगाने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन कर रही हैं। अपने पारंपरिक दर्शकों के धीरे धीरे बूढ़े होने के साथ, शासी निकाय संभावित ओलंपिक प्रशंसकों की युवा पीढ़ी से जुड़ने का प्रयास कर रहा है।
- आवास और शहरी मामलों ओर बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ओखला विहार मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो वायडक्ट पर भारत के पहले ऊर्ध्वाधर द्विमुखी सौर संयंत्र का उद्धघाटन किया। उन्होंने खैबर दर्रे डिपो में स्थापित एक मेगावाट के रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र का भी उद्धघाटन किया। ऊर्ध्वाधर द्विमुखी सौर पैनल दोनों तरफ से सूर्य के प्रकाश को कैप्चर कर सकते हैं। यह बिना किसी अतिरिक्त भूमि पर कब्जा किए सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए मेट्रो की ऊंची संरचना का उपयोग करेगा। ऊर्ध्वाधर सोर पैनल ओर ऊर्जा कुशल एलईडी सिस्टम टिकाऊ शहरी जीवन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।
- समुद्री नेविगेशन सहायता के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ ने भारत को अपना उपाध्यक्ष चुना है। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के सचिव टी.के. रामचंद्रन ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। चुनाव नौवहन सहायता में सुधार और समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत के समर्पण को दर्शाता हैं। यह समुद्री उद्योग में वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने में भारत के योगदान को भी दर्शाता है।
- स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए फास्ट पैट्रोल वेसल ओर ऑफशोर पेट्रोल वेसल को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड भारत के प्रमुख रक्षा जहाज निर्माण यार्डो में से एक ने अबू धाबी में एनएवीडेक्स 2025 में प्रदर्शित किया। ये जहाज मेक इन इंडिया पहल के तहत नौसेना नवाचार और आत्मनिर्भरता में भारत की बढ़ती क्षमताओं को उजागर करते हैं। प्रदर्शन में फास्ट पैट्रोल वेसल 50 मीटर लंबा, उच्च गति वाला पोत है जो 35 समुद्री मील की गति तक पहुंचने में सक्षम हैं।
- पहली बार विधायक बनी रेखा गुप्ता ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री ने रूप शपथ ली। सुश्री गुप्ता दिल्ली की नौंवी मुख्यमंत्री और चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी अन्य महिलाएं हैं जिन्होंने यह पद संभाला हैं। उन्होंने तीन बार की आप विधायक बंदना कुमारी को 29,595 मतों के अंतर से हराया।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. हाल ही में अभ्यास धर्म गार्जियन 2025, 25 फरवरी से 9 मार्च तक किस देश के माउंट फूजी में आयोजित किया जाएगा ?**

(A) चीन (B) जापान
(C) ऑस्ट्रेलिया (D) इंडोनेशिया

**(B)** यह भारत और जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का छठा संस्करण होगा। अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत संयुक्त शहरी युद्ध और आतंकवाद विरोधी अभियानों के दौरान दोनों सेनाओं के बीच अंतर संचालन को बढ़ाना हैं। अभ्यास साइक्लोन सालाना और वैकल्पिक रूप से भारत और मिश्र में आयोजित किया जाता है।



**2. हाल ही में किस राज्य की विधानसभा भारत की पहली विधानसभा होगी जो अनुवादक की सुविधा से लैस होगी ?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्यप्रदेश
(C) गुजरात (D) राजस्थान

**(A)** यूपी विधानसभा भारत की पहली विधानसभा होगी जो अनुवादक की सुविधा से लैस होगी। अवधी, ब्रज, भोजपुरी बुंदेलखंड और अंग्रेजी के अनुवाद रिहर्सल की समीक्षा यूपी के सीमए योगी आदित्यनाथ ने की हैं। प्रस्तावित व्यवस्था को रूलिंग कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। सदन द्वारा मंजरी के बाद इन्हें लागू किया जाएगा। 24, 25, 27 और 28 फरवरी को सदन में बजट पर चर्चा होगी।



**3. हाल ही मे सरकार जमा बीमा सीमा को कितने लाख से बढ़ाने की योजना बना रही हैं ?**

(A) 2 लाख (B) 3 लाख
(C) 4 लाख (D) 5 लाख

**(D)** हाल ही में वित मंत्रालय जमा बीमा के लिए 5 लाख की मौजूदा सीमा को बढ़ाने पर विचार कर रहा हैं। बैंक ग्राहकों द्वारा जमा किए गए पैसे का बीमा डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन एक्ट 1961 के तहत डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन द्वारा किया जाता है। 2020 में जमा बीमा सीमा 1 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किया गया था।



**4. हाल ही में किस राज्य सरकार ने सांस्कृतिक पहचान ओर प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए एक नए भूमि कानून को मंजूरी दी ?**

(A) तेलंगाना (B) उत्तराखंड
(C) कर्नाटक (D) मिजोरम

**(B)** हाल ही में उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने राज्य के संसाधनों की रक्षा करने और इसकी मूल पहचान को बनाए रखने के लिए एक अधिक कठोर भूमि कानून को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार राज्य के बाहर के व्यक्ति हरिद्वार और उधम सिंह नगर को छोड़कर उत्तराखंड के 11 जिलो में बागवानी ओर कृषि भूमि नही खरीद पाएंगे। अब जिलाधिकारियों के पास भूमि खरीद के लिए व्यक्तिगत रूप से अनुमति देने का अधिकार नही होगा।



**5. हाल ही में लिथियम खनन और अन्वेषण में अपने सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए अर्जेटीना ओर किस देश द्वारा एक समझोता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए ?**

(A) भारत (B) जर्मनी
(C) रूस (D) इजराइल

**(A)** हाल ही में अर्जेटीना के कैटामार्का के गवर्नर राउल एलेजांद्रो जलील और कोयला ओर खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मुलाकात की और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। बैठक का आयोजन नई दिल्ली में हुआ। बैठक का लक्ष्य खनन उद्योग, खास तौर पर निवेश के अवसरों और लिथियम अन्वेषण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना था।





**6. हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा एक्सपायर हो चुकी दवाओं के संग्रह और निपटान पर पहली परियोजना शुरू की गई ?**

(A) पंजाब (B) ओडिशा
(C) केरल (D) कर्नाटक

**(C)** हाल ही में देश में पहली बार राज्य औषधि नियंत्रण विभाग घरों से एक्सपायरी और अप्रयुक्त दवाओं को वैज्ञानिक तरीके से एकत्रित करने और उनका सिस्टम करने के लिए एक परियोजना शुरू की। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज कोझीकोड में एनप्राउड नामक परियोजना का उद्घाटन किया। परियोजना के हिस्से के रूप में अधिकारी घरों से अप्रयुक्त दवाओं को इकट्ठा करेंगे या निर्दिष्ट स्थानों पर उनके निपटान के लिए सुविधाएं प्रदान करेगी।



**7. हाल ही में गूगल ने भारत में अपना सबसे बड़ा ऑफिस कैंपस अनंत कहां खोला है ?**

(A) मुंबई (B) बैंगलुरू
(C) नई दिल्ली (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में गूगल ने भारत के डिजिटल परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण कदम, अपना सबसे बड़ा परिसर अनंत लॉन्च किया है। संस्कृत शब्द अनंत का अर्थ असीम या अपरिमित होता है, ओर यह परिसर केवल एक लक्ष्य नहीं बल्कि नवाचार, सहयोग और सतत विकास का केंद्र हैं। बेंगलुरू के महादेवपुरा में स्थित इस क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े परिसरों में से एक है, जो भारत के विश्व स्तर पर प्रौद्योगिकी और वास्तुकला विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**8. हाल ही में फ्यूचरब्रांड इंडेक्स की ग्लोबल रैंकिंग में कौन शीर्ष पर रहा है ?**

(A) सैमसंग (B) अडानी
(C) रिलायंस (D) इनमें से कोई नहीं

**(A)** हाल ही में फ्यूचरब्रांड इंडेक्स रिपोर्ट 2024 में बनाया गया है कि सैमसंग ने टॉप 100 ब्रांड्स की सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर है। पिछले वर्ष यह ब्रांड 13वें स्थान पर था। इसक अलावा, एप्पल, नाइकी, एएसएमएल, डैनहर तीसरे से छठे स्थान पर पहुंच गए है।



**9. हाल ही में कहां पहले Sky Walk का उद्घाटन किया गया है ?**

(A) असम (B) सिक्किम
(C) केरल (D) मिजोरम

**(D)** हाल ही में मिजोरम की राजधानी आइजोल में राज्य के पहले स्काईवॉक का उद्घाटन किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य की राजधानी के उत्तरी भाग में आइजोल पीक रिसॉर्ट या हांगी लुंगलेन त्लांग में स्थित निजी स्वामित्व वाले इकाई ब्रिज का उद्घाटन मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने जनता के लिए किया।



**10. हाल ही में किसे बीबीसी द्वारा 2024 भारतीय स्पोर्टवुमने ऑफ द ईयर नामित किया गया है ?**

(A) स्मृति मंधाना (B) मनु भाकर
(C) पी वी सिंधु (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में ओलंपिक निशानेबाज मनु भाकर को वैश्विक सार्वजनिक वोट के बाद 2024 के लिए बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर नामित किया गया हैं। 22 वर्षीय भाकर को एक ही ओलंपिक खेलो में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया है।